सूचना और प्रसारण मंत्रालय

न्यूज-ऑन-एयर रेडियो लाइव-स्ट्रीम की भारतीय रैंकिंग

भारत का सबसे लोकप्रिय रेडियो शो– भूले बिसरे गीत

प्रविष्टि तिथि: 16 AUG 2021 11:39AM by PIB Delhi

न्यूज-ऑन-एयर रैंकिंग के नये आकलन के अनुसार विविध भारती के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रमों को भी जोड़ दिया गया है। विविध भारती राष्ट्रीय चैनल के ये तीन सबसे लोकप्रिय रेडियो शो भूले बिसरे गीत, कुछ बातें कुछ गीत और विविध भारती का रंगोली नामक कार्यक्रम हैं।

भारत के जिन प्रमुख शहरों में न्यूज-ऑन-एयर ऐप सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं, उनकी ताजा रैंकिंग में लखनऊ पहली बार दस शीर्ष शहरों में शामिल हुआ है। पटना को पछाड़कर वह रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचा है।

भारत में शीर्ष एआईआर स्ट्रीम्स की रैंकिंग में बहुत उतार-चढ़ाव देखा गया है। एफएम गोल्ड ने महत्वपूर्ण उछाल दर्ज की है। वह नौवें स्थान से छठे पायदान पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ, रेनबो कन्नड कामनबिलू चौथे पायदान से फिसलकर सातवें पायदान पर और एफएम रेनबो दिल्ली सातवें पायदान से फिसलकर दसवें पायदान पर पहुंच गया है।

आकाशवाणी की 240 से अधिक रेडियो सेवाओं को न्यूज-ऑन-एयर ऐप पर इंटरनेट के जरिये लाइव-स्ट्रीमिंग की जाती है। यह प्रसार भारती का आधिकारिक ऐप है। आकाशवाणी के ये प्रसारण न्यूज-ऑन-एयर ऐप पर पूरे भारत में ही नहीं, बल्कि 85 से अधिक देशों और पूरी दुनिया में आठ हजार शहरों में सुने जाते हैं। इन सभी स्थानों पर इनके श्रोता मौजूद हैं।

भारत के उन शीर्ष शहरों का जायजा लें, जहां आकाशवाणी की लाइव-स्ट्रीमिंग न्यूज-ऑन-एयर ऐप पर की जाती है और जो बहुत लोकप्रिय हैं। सूची में आकाशवाणी की लाइव-स्ट्रीमिंग वाले शहरों का ब्योरा भी मिलेगा। यह रैंकिंग पंद्रह दिन के आंकड़ों पर आधारित है, जिसकी अवधि 16 जुलाई से 31 जुलाई, 2021 के बीच की है।

पूरा ब्योरा जानने के लिये यहां क्लिक करें

***

एमजी/एएम/एकेपी/एसएस

(रिलीज़ आईडी: 1746333) आगंतुक पटल : 58

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Tamil , Telugu